## एक नजर में

### श्रीराम मंदिर में भजन-कीर्तन

**सुठालिया 16 जून, सं.** श्री राम मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास में विगत एक माह से चल रहे विभिन्न आयोजनों का सोमवार शाम भजन-कीर्तन के साथ समापन हो गया. मंगलवार शाम से यहां सप्ताजी शुरू होगी. महिला समिति सदस्यों ने बताया कि तीन वर्ष में आने वाले अधिकमास में दान-धर्म का विशेष महत्व है तथा नौका विहार, नंद उत्सव, कृष्ण जन्म, फाग महोत्सव, छप्पन भोग जैसे अनेक आयोजन किए गए, जिनका सोमवार शाम पूर्ण उत्साह के साथ समापन हुआ. इस अवसर पर मु य रूप से आशा गुप्ता, शारदा, रेखा, आरती अग्रवाल, कुसुम, निर्मला, इंद्रा, 'योति, प्रगति, नीता, रानू, वर्षा, स्वीटी पालीवाल, शिखा, अनुपमा, आकांक्षा मिश्रा, संतोष शर्मा, राधा सोनी, रेशम बाई सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं .

### सतीश गिरजे प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**सारंगपुर 16 जून, सं.** वाल्मीकि महापंचायत के संस्थापक व राष्ट्रीय महासचिव चौधरी सुरेंद्र कुमार लोहट एवं राष्ट्रीय महासचिव/मध्यप्रदेश प्रभारी राहुल निन्धाने के निर्देश अनुसार प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछै ने प्रदेश सचिव राहुल कंडारे की सहमति से वाल्मिक समाज में सक्रियता को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर पूर्व पार्षद सतीश गिरजे एवं भोपाल संभाग प्रभारी के पद पर राजकुमार गिरजे को नियुक्त किया. इनकी नियुक्ति पर वाल्मीकी समाज मंदिर मे स्वागत किया गया. इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी खेमचंद गिरजे, श्यामलाल गिरजे, पूर्व सी एम ओ जगदीश भेरवे, नगर पालिका परिषद पचोर व सारंगपुर सी एम ओ दीपक रनवे ,डा.सुनील दावरे , दिनेश खरे , रामप्रसाद गिरजे , संजीव गिरजे , प्रेमचंद रनवे , राकेश गिरजे (दरोगा) ,रामबाबू रानवे (राणा)जितेंद्र भेरवे ( दरोगा) मनोज गिरजे, मनीष गिरजे , (दरोगा)आनंद गिरजे , सचिन गिरजे, माखन पचरवाल , रवि गिरजे, उमेश गिरजे, त्रिलोक गिरजे, धीरज गिरजे, बंटी खरे, भारत भेरवे,भावेश दावरे, शुभम दावरे,रितेश गिरजे,सतीश ननियने,विकाश खरे,विजय खरे, भरत गिरजे, गोरव गिरजे, विकास गिरजे, अजय खरे,अमन गिरजे, राहुल गिरजे, गौतम गिरजे,अभिषेक गिरजेअंकित गिरजे,शिवम गिरजे, सुजल गिरजे, विश्वास गिरजे(वासु)आलोक खरे सहित अन्य समाज जनो ने बधाई दी एवं पुष्प माला पहना कर स्वागत किया .


### दुर्घटना में घायल को मिला नया जीवन

**राजगढ़ 16 जून, का.** जिला चिकित्सालय राजगढ़ में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने एक जटिल शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए सड़क दुर्घटना में घायल मरीज के टूटे हुए निचले जबड़े को पुनः सामान्य स्थिति में स्थापित किया. सिविल सर्जन सह मु य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि गत दिनों हुई एक सड़क दुर्घटना में भगवान सिंह, निवासी राजगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए थे. दुर्घटना के कारण उनके निचले जबड़े की हड्डी टूट गई थी. घायल अवस्था में उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय राजगढ़ में भर्ती कराया गया. जिला चिकित्सालय में पदस्थ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सेवी वर्मा द्वारा मरीज का परीक्षण किया गया.



# कुण्डालिया बांध के लीक हुए पानी से हो गई छापी नदी की सफाई

## मामला छापीहेड़ा का, कुंडालिया डैम नलजल की पाइप लाइन का वाल्व हुआ लीकेज



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 16 जून,सं. स्वच्छ भारत अभियान जहां नदी नालों की बारिश के पहले सफाई नहीं कर पा रहा है वहीं नदियों ने अब स्वयं अपनी सफाई का रास्ता ढूंढ लिया. मामला दिलचस्प और हास्यास्पद रूप से छापीहेड़ा में सामने आया. यहां कालीसिंध नदी पर बने कुण्डालिया बांध के पानी की पाईप लाईन के लीकेज का पानी छापी नदी में पहुंच गया. पानी की बहाव इतना तेज था कि शहर के अंदर छापी नदी का पूरा कचरा बह गया और गाहे बगाहें उसकी सफाई भी हो गई. मंजर देख लोग खुश और आश्यर्चचकित थे.**

नगर के वार्ड नंबर 1 में पानी की टंकी के आगे कुंडलिया परियोजना की बड़ी नलजल पाईप लाईन के वाल्व लीकेज होने से हजारों लीटर पानी छापी नदी में बह निकला. इससे नगर के मध्य से बहने वाली छापी नदी की सफाई हो गई साथ ही लोगों के लिये आश्चर्य का विषय बन गया. समाचार लिखे जाने तक कुंडालिया परियोजना अधिकारी से सम्पर्क नहीं हुआ. जिससे यह पता चल सका कि यह पानी की टेस्टिंग है. साथ ही नगर पंचायत को भी इसकी कोई सूचना है. नगर पंचायत ने भी इस बहते पानी में अपने सफाई कर्मचारियों को लगाकर बस स्टैंड खरली मोहल्ले की सफाई करा दी.

# पुलिस लाइन के रहवासियों को काले पानी की सजा

## मंगलवार सुबह पुलिस लाइन के नलों से निकला काला पानी, रहवासियों ने रोष जताया

**गंदे पानी के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए और समस्या के तत्काल समाधान की मांग की**






नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 16 जून, सं. खलचीपुर नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 10 स्थित पुलिस लाइन क्षेत्र में मंगलवार सुबह नलों से कीचड़ जैसा काला और गंदा पानी आने से रहवासियों में नाराजगी फैल गई. पुलिसकर्मियों के परिवारों ने गंदे पानी के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए और समस्या के तत्काल समाधान की मांग की.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब 10 दिनों से नलों में लगातार दूषित पानी आ रहा है, जिससे पीने, खाना बनाने और नहाने जैसी दैनिक जरूरतों में परेशानी हो रही है. कई घरों में पानी इतना गंदा पहुंच रहा है कि उसका उपयोग करना भी मुश्किल हो गया है. रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है.

लोगों ने बताया कि इससे पहले भी खिलचीपुर के विभिन्न वार्डों से गंदे पानी की सप्लाई की शिकायतें सामने आ चुकी हैं. लगातार दूषित पानी मिलने से क्षेत्रवासियों में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं. उनका कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जलजनित बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है. रहवासियों ने नगर परिषद से प्रभावित क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की तत्काल व्यवस्था करने और पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है.

### आंधी तूफान से मोटर में खराबी आई

मामले में नगर परिषद के मु य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) देवनारायण दांगी ने बताया कि बगा-फत्तूखेड़ी स्थित जल प्रदाय योजना की 100 हॉर्स पावर की मोटर हाल ही में आई आंधी-तूफान के दौरान खराब हो गई थी. इसके साथ ही बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई थी, जिसके कारण वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से पानी की आपूर्ति करनी पड़ रही थी. सीएमओ के अनुसार फिल्टर प्लांट से पानी का उपचार कर सप्लाई की जा रही थी, लेकिन तकनीकी कारणों से कुछ दिक्कतें उत्पन्न हो गईं. उन्होंने बताया कि मोटर और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अब दुरुस्त कर दी गई हैं तथा प्रभावित क्षेत्र में जल्द ही पूरी तरह स्वच्छ पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी.

## पोषणयुक्त व्यंजनों से सजी कुकिंग प्रतियोगिता

**नरसिंहगढ़ 16 जून, सं.** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में 45 स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लेते हुए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, सीईओ डॉ इच्छित गढ़पाले, एसडीएम सुशील कुमार, पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष सुरेश शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सतेंद्र सिंह एवं मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे. प्रतियोगिता के दौरान स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने स्थानीय खाद्य सामग्री से तैयार किए गए विविध व्यंजनों को प्रस्तुत किया. निर्णायकों द्वारा स्वाद, पौष्टिकता, प्रस्तुतीकरण एवं नवाचार के आधार पर व्यंजनों का मूल्यांकन किया गया. प्रतियोगिता में भगवान देवनारायण समूह, माना ने सर्वाधिक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक पकवान तैयार कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए समूह को शासन की ओर से 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई.

# आबकारी विभाग की कार्रवाई, अवैध शराब जब्त

**खिलचीपुर 16 जून, सं.** राजगढ़ जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, विक्रय और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने मंगलवार को माचलपूर क्षेत्र में कार्रवाई कर विभिन्न स्थानों से अवैध मदिरा बरामद की. कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान वृत्त प्रभारी अंकित चौहान ने टीम के साथ ग्राम धानोदा,



बावड़ीखेड़ा और माचलपुर क्षेत्र के संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी. कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत तीन प्रकरण दर्ज किए गए. टीम ने राजस्थान निर्मित 2.34 लीटर व्हाइट फॉक्स वोडका, 2.52 लीटर ब्लैक जैगुआर रम, गोल्डन ग्रीन व्हिस्की के तीन पाव तथा 15 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की. जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य करीब 8,500 रुपये बताया गया है. इस कार्रवाई में आरक्षक रत्नेश परिहार और दिव्यांशी गौर ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका निभाई. आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण और बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

## मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर संपन्न

**सारंगपुर 16 जून, सं.** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र दीनदयाल चौराहा सारंगपुर की सहयोगी संस्था मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा द्वारा नेत्र शिविर में 120 रोगियों के आंखों की जांच की गई . जांच उपरांत मोतियाबिंद ऑपरेशन वाले 28 चश्मे के नम्बर वाले 32 तथा नॉर्मल 50 लोगों को सावधानी रखने की सलाह दी गई . कांतिलाल, सूरजमल चौधरी, संचालक अरविंद अनूप चौधरी, लक्ष्मी नारायण त्रिकार, सत्यनारायण शर्मा, भेरूलाल मालवीय, लख्मीचंद शर्मा शिव गुप्ता, जगदीश चौरसिया, डॉ विजय सिंह चौहान, विद्याधर कुंभकार, शिव सिंह चौहान, शिवनारायण मालवीय, वल्लभ स्वर्णकार, राम नारायण टेटवाल, जय हिंद प्रकाश दुबे, मनोहर पाठक, हरि नारायण त्रिकार, डॉ, विशाल कुशवाहा उपस्थित रहे .

# जनकल्याण शिविर जनसेवा का प्रभावी माध्यम बना

## पारायण चौकं आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 जून, का.** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को राजगढ़ नगर के पारायण चौक में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य आमजन को शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना रहा.

शिविर में बड़ी सं या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं आवेदनों का पंजीयन कराया. शिविर में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों ने सहभागिता कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आमजन से संवाद स्थापित किया. इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी निधि भारद्वाज एवं मुख्य नपाधिकारी पवन अवस्थी भी उपस्थित रहे.

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए. नागरिकों को शासन की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की. महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक एवं संतुलित आहार से संबंधित आकर्षक मॉडल एवं व्यंजन प्रस्तुत किए. प्रतियोगिता के माध्यम से कुपोषण मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया.

शिविर में विभिन्न विभागों को प्राप्त कुल 2166 आवेदन दर्ज किए गए. जिनमें अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया.



# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 16 जून, सं. पुलिस थाना परिसर में मोहर्रम एवं ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में थाना प्रभारी हुकुमचंद मीणा, सीएमओ देवनारायण दांगी, मप्रविमं जेई करण संत, तहसील कार्यालय से शिवचरण मंडलोई, रमेशचंद्र मालवीय, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे. प्रशासन के दिशा-निर्देश अनुसार मोहर्रम स्थल एवं जहां ताजिया रखे जाते हैं वहां सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरा लगाना अनिवार्य किया गया है. अखाड़ा में धारदार हथियार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.

बिजली विभाग को निर्देश दिए गए कि जुलूस मार्ग पर लटके हुए विद्युत तारों को ऊपर करवाया जाए. नगर परिषद द्वारा जुलूस के रास्ते पर साफ-सफाई, कॉलेज के सामने करबला के रास्ते पर गड्ढों का समतलीकरण कार्य कराया जाएगा. बैठक में नगर के पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. सभी ने त्यौहार को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का संकल्प लिया.

**कार्यालय प्राचार्य पी एम श्री शा. बा. उ. मा. वि. सुठालिया, जिला - राजगढ़ म. प्र.**
**क्र. 01 दिनांक 16/06/2026**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में पूर्व सत्र की स्थानीय परीक्षा की कॉपीयां, पुराना जीर्णशीर्ण फर्नीचर (लोहे का)एवं अन्य सामग्री विक्रय की जानी है, इस हेतु दिनांक 18/06/2026 से 19/06/2026 तक दोपहर 12 से 4 बजे के मध्य कोटेशन प्राप्त किए जाएंगे, उपरोक्त सामग्री को क्रय करने के इच्छुक व्यापारी उक्त अवधि में कोटेशन पर स्पष्ट रूप से सभी सामग्री के रेट (क्रय दर प्रति किलो) अंकित कर जमा कर सकते हैं. सामग्री की सूची कोटेशन जमा करने के दौरान देखी जा सकती है. विद्यालय में दिनांक 20/06/2026 को दोपहर 3 बजे कोटेशन खोले जाएंगे अधिक दर वाली फर्म को उक्त सामग्री क्रय करने हेतु आमंत्रित किया जाएगा.
**प्राचार्य**
**हेमंत यादव**
**पीएम श्री शा. बा. उ. मा. वि. सुठालिया, जिला - राजगढ़ (म. प्र.)**

**आक्रोश** कांग्रेस सेवादल ने लालटेन और हाथ पंखा लेकर निकाला पैदल मार्च

# अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ फूटा गुस्सा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 16 जून, सं.** भीषण गर्मी के इस मौसम में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान आम जनता की आवाज बुलंद करने के लिए मंगलवार को कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व में एक विशाल जनआंदोलन पूर्व ऊर्जा मंत्री व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के दिशा-निर्देशों पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सेवादल कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने राजीव गांधी पार्क से लेकर विद्युत कंपनी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया.

इस दौरान अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराने के लिए प्रदर्शनकारी अपने हाथों में चिमनी, लालटेन और हाथ पंखे लेकर चल रहे थे, जो वर्तमान बिजली व्यवस्था की जर्जर स्थिति को बयां कर रहे थे.



**बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी** - आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आक्रोशित नागरिकों ने विद्युत विभाग की तानाशाही और लचर व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बिजली विभाग की मनमानी नहीं चलेगी, अघोषित बिजली कटौती बंद करो और जनता को राहत दो, जैसे नारे लगाये. पैदल मार्च के दौरान एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया. जिसमें सैकडों की संख्या में स्थानीय दुकानदारों, किसानों और आम नागरिकों ने हिस्सा लेकर बिजली विभाग के प्रति अपना आक्रोश दर्ज कराया.

**कनिष्ठ यंत्री को सौंपा गया 7 सूत्रीय ज्ञापन** - पैदल मार्च के विद्युत मंडल कार्यालय पहुँचने पर जिला सेवादल कांग्रेस द्वारा मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन यंत्री विद्यासागर सिंह को लिखित ज्ञापन कनिष्ठ यंत्री को सौंपा गया. जिला महासचिव कैलाश सिंह ठाकुर ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उपभोक्ताओं को कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता.

**कटौती पर तत्काल रोक** - नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही अघोषित विद्युत कटौती को तुरंत बंद किया जाए. यदि किसी अपरिहार्य कारणवश बिजली बंद करनी भी पडे, तो उसकी सूचना उपभोक्ताओं को पहले से दी जाए. क्षेत्र में लटकती जर्जर विद्युत लाइनों और खराब पडे ट्रांसफार्मरों को शीघ्र सुधारा या बदला जाए. कम वोल्टेज और बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी निराकरण हो.उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर निराकरण करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए. उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था स्थापित हो.

ठाकुर कैलाश राजपूत ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो क्षेत्र की जनता जनहित में उग्र, लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी. जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी. इस व्यापक जनआंदोलन में सेवादल के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जिला महासचिव कैलाश सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली एवं प्रमोद सादानी, ब्लॉक महासचिव अजय कुमार और जिला सचिव मुकेश मेघवाल, निजाम कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष पचोर बनवारी लाल मालवीय प्रमुख रूप से शामिल हुए.

इसके साथ ही देव वर्मा, राम चरण नायक, जय परिहार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभय सिसोदिया, शहर अध्यक्ष लखन राजपूत, राधेश्याम वर्मा, कान्हा अहिरवार, अनिल अहिरवार, समीर बब्लू, लखन धनगर, निजाम कुरेशी, बाबू पटेल, हारून नायक और एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष अल रजा कुरैशी सहित आनंद यादव व बडी संख्या में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध एवं
बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
राजगढ़ जिले का प्रथम अशासकीय विधि महाविद्यालय
निर्विन्ध्या विधि महाविद्यालय
शासन द्वारा प्राप्त सभी छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध
विधि पाठ्यक्रम 2026-27
LLB 3 वर्षीय
B.A.LLB 5 वर्षीय
GNM 3 वर्षीय


प्रवेश एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से एवं सीएलसी राउंड द्वारा
पता : अभयपुर रोड, ग्राम कटारियाखेड़ी, तह. ब्यावरा जिला- राजगढ़
ऑफिस : 7440663447 मो. : 9425039231